संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
12 फरवरी 2025, बुधवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 133
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

## फरवरी माह में ही राज्य में पारा पहुंचा 36 डिग्री

**रांची ।** राज्य में फरवरी माह में ही तापमान बढकर 36 डिग्री हो गया है। मंगलवार को सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि अभी फरवरी का महीना आधा भी खत्म नहीं हुआ है। वहीं सरायकेला के बाद चाईबासा और डालटेनगंज में भी तापमान 33 डिग्री पहुंच गया है। दोनों शहरों में अधिकतम तापमान क्रमशः 33.8 और 33.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# माघ पूर्णिमा को लेकर महाकुंभ में उमड़ी लाखों की भीड़, प्रशासन के समाने चुनौती




एजेंसी

**महाकुंभ नगर ।** महाकुंभ मेले में संगम में स्नान करने वाले साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और आम स्नानार्थियों की संख्या मंगलवार को 45 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक 10 लाख कल्पवासियों समेत कुल 81.60 लाख लोगों ने स्नान किया और 13 जनवरी से अभी तक 45.58 करोड़ से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं।

बयान के मुताबिक, मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुंभ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। संभावना है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को दो-दो करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया था। माघ पूर्णिमा से पहले भी प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम तट पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। एक ओर नित नए रिकार्ड बन रहे हैं वहीं दूसरी ओर महाकुम्भ प्रयागराज 2025 में भीड़ के चलते कई किलोमीटर तक का जाम लग गया है, एक तरफ जहां पुलिस प्रशासन प्रयागराज में सटे बॉर्डर से लोगों को वापस भेज रहा है तो वहीं, दूसरी ओर प्रयागराज के अंदर चौराहों पर गाड़ियां रेंगने को मज़बूर हैं। भारी भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बड़ी बैठक भी की। इस बैठक में उन्होंने महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, साथ ही किसी भी तरह कि लापरवाही बर्दश्त नहीं की जाएगी। अब कल 12 फरवरी से माघ महिने का पांचवा माघ पूर्णिमा स्नान होगा। जिसको लेकर प्रयागराज में एक बार फिर से जन सैलाब उमड़ने लगा है, ऐसे में सीएम योगी ने बेहतर ट्रॉफिक व्यवस्था और क्राउड मैनेजमेंट को सख्त निर्देश दिए हैं।सीएम योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियो संग बैठक कर महाकुंभ की व्यवस्थाओ की समीक्षा की। इसके साथ ही सोमवार देर रात उन्होंने प्रयागराज कौशाम्बी, कानपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, वाराणसी, अयोध्या, मीरजापुर, जौनपुर, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, भदोही, रायबरेली, गोरखपुर, महोबा और लखनऊ आदि जनपदों में तैनात पुलिस अधिकारी, मंडलायुक्त और जिला प्रशासन के अधिकारियो को कड़े दिशा निर्देश जारी किए।

# ईवीएम में कोई डेटा न रिलोड करें, न डिलीट करें : सुप्रीम कोर्ट

## चुनाव आयोग को दिया सख्त निर्देश



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के वैरिफिकेशन के लिए पॉलिसी बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने चुनाव आयोग को सख्त निर्देश दिया है कि सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने तक ईवीएम में कोई डेटा रिलोड न करें, न कोई डेटा डिलीट किया जाए।

चुनाव आयोग को अब सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम की मैमोरी और माइक्रो कंट्रोलर डिलीट करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देना होगी। सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल और 5 बार के विधायक लखन कुमार सिंगला ने लगाई थी। उन्होंने शीर्ष अदालत से ईवीएम की जांच के लिए मजबूत सिस्टम बनाने की मांग की थी। उन्होंने अपनी याचिका में इस बात की मांग कि चुनाव आयोग ईवीएम के 4 कम्पोनेंट्स कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, वीवी पेट और सिंबल लोडिंग यूनिट की ओरिजनल बर्न मैमोरी और माइक्रोकंट्रोलर की जांच के लिए पॉलिसी तैयार करना चाहिए।

13 दिसंबर 2024 को हुई सुनवाई में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने अपीलकर्ताओं से कहा कि याचिका यहां क्यों लाए हो, इस पुरानी बेंच के पास भेजना चाहिए। इसके पहले 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पुराने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग वाली याचिका खारिज की थी और ईवीएम में गड़बड़ी की बात को निराधार बताया था।

# विकसित भारत के लिए अगले दो दशक बहुत महत्वपूर्ण : मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली के यशोभूमि में भारत ऊर्जा सप्ताह-2025 का वर्चुअली उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि %विकसित भारत के लिए अगले दो दशक बहुत महत्वपूर्ण हैं। अगले पांच साल में हम कई बड़े मील के पत्थर पार करने जा रहे हैं। हमारे कई ऊर्जा लक्ष्य 2030 की समय सीमा के अनुरूप हैं।

उन्होंने कहा, हमारे ये लक्ष्य बहुत महत्वाकांक्षी लग सकते हैं लेकिन भारत ने पिछले 10 वर्षों में जो हासिल किया है, उससे यह विश्वास पैदा हुआ है कि हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। पिछले 10 वर्षों में भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से बढ़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक में भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से बढ़कर 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हमारी सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता में 32 गुना वृद्धि हुई है। आज भारत तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश है। इसके अलावा, हमारी गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता तीन गुनी हो गई है।

उन्होंने कहा कि दुनिया का हर एक्सपर्ट आज कह रहा है कि 21वीं सदी, भारत की सदी है। भारत अपनी ही नहीं, दुनिया की ग्रोथ को भी ड्राइव कर रहा है और इसमें हमारे ऊर्जा सेक्टर की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा साझेदारी पांच खंभों पर खड़ी है। हमारे पास संसाधन हैं, जिनमें हम हार्नेस करा रहे हैं। हम अपने प्रतिभाशाली दिमागों को इनोवेट करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारे पास आर्थिक ताकत है, राजनीतिक स्थिरता है। भारत के पास रणनीतिक भूगोल है, जो ऊर्जा व्यापार सबसे आकर्षक और आसान जगह है। भारत, ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे भारत के ऊर्जा क्षेत्र में नई संभावानाएं तैयार हो रही हैं।

# मुआवजे के पैसों को लेकर देवघर में बुजुर्ग की फरसा से हत्या

## देवघर एयरपोर्ट निर्माण में अधिग्रहित जमीन, 9 करोड़ मुआवजे को लेकर विवाद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** कुंडा थाना क्षेत्र के कटिया गांव में जमीन मुआवजे को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह मामला कुंडा थाना कांड संख्या-45/2025 के तहत दर्ज किया गया, जिसमें आठ लोगों पर हत्या और आपराधिक षड्यंत्र का केस दर्ज हुआ है। गुरु गोविंद पांडेय, जो कटिया गांव के निवासी थे, पर सोमवार को आरोपियों ने फरसा से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पांडेय को सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे दीपक पांडेय (पिता स्व. गोविंद पांडेय) की शिकायत पर आठ लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है जिसमें निरंजन पांडे,रणधीर पांडे,डब्लू पांडे,बबलू पांडे,राजेंद्र पांडे,तस्र देवी पति राजेंद्र पांडे सभी निवासी कटिया गांव,जलसार रोड, महावीर अखाड़ा, कमला निवास के अजय झा,आकाश झा को नामजद किया है।

**9 करोड़ के मुआवजे को लेकर परिवार में विवाद**

मृतक के छोटे भाई दुर्गा पांडेय ने बताया कि देवघर एयरपोर्ट निर्माण के लिए उनकी पूरी जमीन अधिग्रहित कर ली गई थी। इसके बदले सरकार से 9 करोड़ रुपए मुआवजा मिलना था, जिसे लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। जिन लोगों ने हमला किया, वे इसी मुआवजे के विवाद में कोर्ट में केस हार चुके थे। इधर कुंडा थाना पुलिस ने हत्या और आपराधिक षड्यंत्र का केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी संभावित ठिकानों पर छानबीन कर रही है।

# जल्द ही हर घर को 24 घंटे बिजली मुहैया कराएगी सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर से लेकर गांव तक लोग बिजली कटौती को लेकर परेशान होते हैं और सप्लाई ठीक करने की गुहार लगाते हैं। अब सरकार ने बिजली को लेकर दावा किया है। 2025 में गर्मी के आने से पहले सरकार ने कहा है कि 24 घंटे तो नहीं लेकिन 21 घंटे से ज्यादा बिजली पूरे देश में दे रहे हैं यानी पूरे भारत के घरों में 21 घंटे से ज्यादा बिजली हर महीने सप्लाई की जाती है। सरकार का कहना है कि रिन्यूएबल एनर्जी पर भी काम तेजी से हो रहा है। जल्द ही हर घर को 24 घंटे बिजली मुहैया कराई जाएगी।

बिहार के सांसद भीम सिंह के एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक ने बताया कि देश में बिजली की सप्लाई को बढ़ाने के लिए लगातार काम हो रहा है। नाइक के मुताबिक वर्तमान में देश के गांवों में 21.9 घंटे बिजली मुहैया कराई जा रही है, जो 2014 में 12.5 घंटा था। मंत्री के मुताबिक देश के शहरों में 23.4 घंटे बिजली मुहैया कराया जाता है। पहले यह आंकड़ा 22 घंटे का था। सरकार का कहना है कि देश में बिजली का उत्पादन पूरा है। वर्तमान में पूरे देश में 462 गीगवाट बिजली उत्पादन हो रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश में 2024 के अप्रैल से दिसंबर तक 1,280,037 मेगावाट बिजली की मांग थी, जबकि बिजली विभाग ने 1,278,565 मेगावाट सप्लाई की।

# महाकुंभ जाने वाली ट्रेन के एसी डिब्बे में यात्रियों ने की तोडफ़ोड़



एजेंसी

**मधुबनी ।** बिहार के मधुबनी रेलवे स्टेशन पर गुस्साए यात्रियों ने ट्रेन पर पथराव किया। जिससे ट्रेन में बैठे यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया और वहां दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में महाकुंभ मेले में जा रहे यात्रियों ने स्वतंत्रता सेनानी सुपर फास्ट एक्सप्रेस की खिड़कियां तोड़ दीं। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें दिख रहा है कि ट्रेन में नहीं चढ़ पाने से निराश यात्री हुड़दंग मचाते हुए ट्रेन पर पत्थर फेंक रहे हैं और एसी कोच की खिड़कियां तोड़ते नजर आ रहे हैं, जिससे अंदर बैठे यात्रियों में डर का माहौल पैदा हो गया। बिहार के जयनगर से प्रयागराज होते हुए नई दिल्ली जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी सुपर फास्ट एक्सप्रेस जैसे ही मधुबनी रेलवे स्टेशन पर पहुंची, प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भारी भीड़ खड़ी नजर आई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेन में पहले से ही इतनी भीड़ थी कि दरवाजे खोलना असंभव था। ट्रेन का इंतजार कर रहे और ट्रेन के अंदर बैठे कई यात्री महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज जा रहे थे। वीडियो में दो महिलाएं ट्रेन के एसी कोच में बैठी नजर आ रही हैं।

# सीओ ने तकनीकी कारणों का हवाला देकर आवेदन रिजेक्ट किया तो होगी कार्रवाई : मंत्री



संवाददाता

**रांची ।** भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अंचलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट करने वाले सीओ पर अब कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अंचलों में दाखिल खारिज संबंधित मामलों पर आवेदनों की अस्वीकृत या आपत्ति के कारणों को सीओ को स्पष्ट कारण बताना अनिवार्य होगा। मंत्री बिरुआ मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में भू-राजस्व, भूमि सुधार विभाग की समीक्षात्मक बैठक में संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कई बार तकनीकी कारणों से झारभूमि साइट नहीं खुलने की बातें लिखकर, अंचल अधिकारी आवेदनों को जिस तरह रिजेक्ट करने का बहाना बनाते हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन मामले में अंचलों में कई गड़बड़ियां हैं। इसका भुगतान सरकार को उठाना पड़ता है। इसलिए सभी अंचल अधिकारी पदाधिकारी सचेत होकर ईमानदारी से अपने कार्य दायित्व का निर्वहन करें। मंत्री ने कहा कि कई मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से खतियान निकालने पर सही छपाई नहीं होती।

# आयुष्मान और मुख्यमंत्री जन आरोग्य समेत तीन योजनाओं की अवधि शुरू

संवाददाता

**रांची ।** राज्य में आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत सूचीबद्ध सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में इस योजना की नई बीमा अवधि शुरू हो गई है। लाभुक पूर्व की तरह सभी सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज निन्शुल्क करा सकेंगे। आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत 10 फरवरी को झारखंड राज्य में सूचीबद्ध सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में पुरानी बीमा की अवधि के समाप्त होते ही, झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के माध्यम से समय पर राज्य में इस योजना की नई बीमा अवधि को लागू कर दिया गया। अब इस बीमा अवधि के दौरान राज्य के सभी योग्यक लाभुक लाभ ले सकेंगे और पूर्व की भांति सभी सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में अपना निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी तथा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसके तहत राज्य के 66 लाख से अधिक लाल, पीला एवं हरा राशन कार्डधारी परिवार इस योजना का लाभ ले सकेंगे। साथ ही विभाग द्वारा नई बीमा अवधि से एचबीपी 2022 (हेल्थ बेनिफिट पैकेज) लागू की गई है। इसके अंतर्गत 534 नये पैकेज भी शामिल किये गये हैं एवं पुराने पैकजों के रेट रिवाईज किये गये हैं।

# अदाणी डिफेंस, डीआरडीओ दो़य उदुक् केदा ड्रोन खो़नाक् खतरा सोंगे ला़ड़हा़ईयो़क् रेयाक् बाबांचाव सापाप्



खोबोरिया

**गोड्डा।** अदाणी ग्रुप रेन रक्षा इकाई अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस दो़ डीआरडीओ सालाक् मिला़उ काते बालेमाहां हिलोक् 'एयरो इंडिया' प्रदर्शनी रे भारत रेयाक् गा़डीको रे लागावो़क्कान ड्रोन-रोधी प्रणालीये सो़दो़र केदा।

रक्षा अनुसंधान आर विकास संगठन (डीआरडीओ) रेन महानिदेशक (इलेक्ट्रॉनिक्स आर संचार प्रणाली) डॉ बी के दास दो़ नोंडेचालाक्कान ताहें न रक्षा प्रदर्शनी ताला रे नोआ प्रणाली दो़ रक्षा विशेषज्ञको आर बा़निज-बेपारिया़को सामाङ रेय उदुक् केदा। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस दो़ बयान रेय मेन केदा जे नोआ दो़नेबेतार जुग रेयाक् हवाई खतराको दाराम रे भारत रेयाक् साप्-सापड़ाव केटेज रे मित् माराङ गो़ड़ो़ काना।

# केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समाचारपत्रों के हित में दिया निर्देश

## ● समाचारपत्रों का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय मंत्री से मिला



संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर के समाचार पत्रों की मौजूदा समस्याओं के समाधान की दिशा में अपेक्षित कदम उठाने का निर्देश भारत के समाचार पत्रों के महापंजीयक और केंद्रीय संचार ब्यूरो के महानिदेशक को दिया है। श्री वैष्णव ने मंगलवार को यह निर्देश उनसे मिलने गये अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ के प्रतिनिधिमंडल की ओर से समाचार पत्रों के समक्ष उत्पन्न मौजूदा समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बाद दिया। प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार,कमल किशोर,श्रीराम अम्बष्ट, वेद प्रकाश, हिमांशु शेखर, मधुकर सिंह, नित्यानंद शुक्ला, देवन राय, दिग्विजय सिंह, संजय पोद्दार, साकेत कुमार, कौस्तुभ किशोर,अनस रहनुमा, शमी अहमद, फैज अकरम, खुर्शीद अहमद प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बता दें कि अखिल भारतीय समाचारपत्र प्रकाशक-संपादक संघ की केंद्रीय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित रेल भवन में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देशभर के समाचारपत्रों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं को सरकार के समक्ष रखना और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करना था।

**मंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से लिया**

इस क्रम में मंगलवार को संघ का शिष्टमंडल रेल भवन पहुंचा और केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। मंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और समाचारपत्रों को आ रही परेशानियों को समझते हुए तत्काल राहत देने का आश्वासन दिया

। उन्होंने पीआरजीआई एक्ट 2023 के जटिल प्रावधानों पर तत्काल रोक लगाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। लघु एवं मध्यम समाचारपत्रों की भूमिका लोकतंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इस बात की जानकारी मिली है कि पीआरजीआई एक्ट 2023 के कुछ प्रावधानों से समाचारपत्रों के संचालन में कठिनाइयाँ उत्पन्न हुई हैं। सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है, और जल्द ही आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देशभर के समाचारपत्र निर्बाध रूप से कार्य कर सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि समाचारपत्रों के संचालन में सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी और उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

**प्रेस महापंजीयक और सीबीसी महानिदेशक से भी हुई वार्ता**

मंत्री से मुलाकात के बाद शिष्टमंडल ने सूचना भवन में भारत के प्रेस महापंजीयक भूपेंद्र कैंथोला एवं सीबीसी (केंद्रीय संचार ब्यूरो) के महानिदेशक वाई के बवेजा से भी मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न समाचारपत्रों के प्रकाशकों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से उनके समक्ष रखा। करीब डेढ़ घंटे तक चली इस महत्वपूर्ण वार्ता में प्रेस महापंजीयक ने भी प्रकाशकों को आश्वासन दिया कि पीआरजीआई एक्ट में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे तथा समाचारपत्रों की प्रसार जांच की अवधि को भी बढ़ाया जाएगा।

## शादी समारोह में गोली चलने से युवक घायल

**रांची ।** रांची के धुर्वा इलाके में एक शादी समारोह के दौरान फायरिंग का मामला सामने आया है। इसमें एक युवक को गोली लगी है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार देर रात की है। युवक की पहचान गुलशन पांडेय उर्फ मेडी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शादी समारोह में डांस के दौरान अचानक फायरिंग की आवाज आई और गुलशन जमीन पर गिर पड़ा। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि कई लोग डांस कर रहे थे, तभी हादसा हुआ। गोली किसने चलाई, यह किसी ने नहीं देखा। गोली गुलशन की पीठ में लगी है। घटना की सूचना मिलते ही धुर्वा थाना प्रभारी विमल किंडो अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि फायरिंग में एक युवक घायल हुआ है लेकिन अभी उसका बयान दर्ज नहीं किया जा सका है। तलाशी के दौरान कोई हथियार भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस को जानकारी मिली है कि गुलशन का डैम किनारे रहने वाले कुछ युवकों से विवाद था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि भीड़ का सहारा लेकर गोली चलाई गई। जब गोली चली, तो सभी लोग गुलशन को अस्पताल ले जाने में व्यस्त हो गए, जिससे गोली चलाने वाले पर किसी का ध्यान नहीं गया। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है।

## मेला में शराब के नशे में हंगामा, गाली-गलौज के बाद मारपीट, आठ पर केस दर्ज

**देवघर ।** सारवां थाना क्षेत्र के बनियाडीह मेला में शराब पीकर गाली-गलौज करने के बाद दो गुटों में मारपीट हो गई। इस घटना को लेकर अजीत कुमार सिंह (22 वर्ष), पिता भोला प्रसाद सिंह, निवासी बनियाडीह द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कांड संख्या-17/25 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों में सरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत बनियाडीह गांव निवासी सरवन यादव (50 वर्ष), पिता सन्तु महतो,पिंकू यादव (37 वर्ष), पिता अंतु महतो,रूपेश यादव (30 वर्ष), पिता सरवन यादव, भवेश यादव (25 वर्ष), पिता सरवन यादव,नकुल यादव (52 वर्ष), पिता भुनेश्वर यादव,मालदेव यादव (55 वर्ष), पिता इन्दरजीत यादव,बासुदेव यादव (58 वर्ष), पिता इन्दरजीत यादव,मुन्ना यादव (31 वर्ष), पिता शुकदेव महतो को नामजद किया है। पीड़ित अजीत कुमार सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने शराब के नशे में मेला क्षेत्र में गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने विरोध किया, तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। सारवां थाना पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## पैनम कोल के खिलाफ याचिका में झारखंड सरकार के जवाब से हाई कोर्ट असंतुष्ट

**रांची ।** पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआई जांच और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब से असंतुष्टि जाहिर करते हुए दोबारा बिंदुवार और स्पष्ट जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब हाई कोर्ट 19 फरवरी को इस मामले में सुनवाई करेगा। पैनम माइंस नाम की कंपनी को वर्ष 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन का लीज दिया था, लेकिन उस पर यह आरोप है कि उसने लीज से ज्यादा खनन किया जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। इस संबंध में हाई कोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

## परिचालन कारणों से कई ट्रेनें रद्द व पुनर्निर्धारित, यात्रियों को होगी परेशानी

**देवघर।** पूर्व रेलवे आसनसोल मंडल ने परिचालन कारणों से कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया है, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रेन नंबर 22466 आनंद विहार-मधुपुर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12.02.2025 को होने वाली यात्रा, 22465 मधुपुर-आनंद विहार बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 13.02.2025 को होने वाली यात्रा रद्द रहेगी। इसके अलावा, 22308 बीकानेर - हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12.02.2025 को होने वाली यात्रा) को 04.00 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा और उक्त ट्रेन 12.02.2025 को 23ः55 बजे अपने निर्धारित प्रस्थान के बजाय 13.02.2025 को 03ः55 बजे अपने प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होगी और 12495 बीकानेर - कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस 13.02.2025 को होने वाली यात्रा को 04.00 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा तथा उक्त ट्रेन 06ः00 बजे अपने निर्धारित प्रस्थान के बजाय 10ः00 बजे अपने प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होगी।

## बोलेरो और बाइक में भीषण टक्कर, हादसे में एक युवक की मौत, दो गंभीर

**गिरिडीह ।** जिले के जमुआ देवघर मुख्य मार्ग में देवरी थाना क्षेत्र के जलखरियोडीह गांव के पास बोलेरो व पल्सर बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार युवक रोहित कुमार राम उर्फ गोलू की मौके पर मौत हो गयी। वहीं बाइक पर सवार दो अन्य युवक राजा राम व सिंटू कुमार राय बुरी तरह घायल हो गए हैं। घटना सोमवार रात की है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जमुआ देवघर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार मकडीहा गांव निवासी रोहित राम उर्फ गोलू अपने पल्सर बाइक में पेट्रोल भरवाने अपने दो दोस्त राजा और सिंटू कुमार के साथ बजगुन्दा (जलखरियोडीह) स्थित पेट्रोल पंप जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बोलेरो ने जलखरियोडीह के समीप उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रोहित की मौके पर मौत हो गयी। जबकि राजा और सिंटू गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी परिजनों और गांववालों को मिलते ही सभी घटनास्थल पर पहुंच मुख्य सड़क को जाम कर दिया। वहीं ग्रामीणों ने दोनों घायल युवकों को इलाज हेतु अस्पताल भेजा। मुख्य सड़क के जाम होने और दुर्घटना की सूचना मिलने पर देवरी थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू, भेलवाघाटी के थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार व चतरो एसएसबी कैंप के जवान घटनास्थल पर पहुंच आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने में जुट गए। लेकिन ग्रामीण सड़क पर डटे रहे और मृतक का शव उठाने भी नहीं दे रहे थे। काफी मशक्कत के बाद देर रात गये पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को समझा बुझा जाम हंटवाने में सफलता पायी और शव और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाना चली गयी। वहीं पुलिस ने सारी प्रक्रिया पूरी कर मंगलवार को मृतक युवक रोहित के शव को पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## आरयू के कई कॉलेजों में एक भी शिक्षक नहीं

**रांची ।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत खुले विभिन्न मॉडल कॉलेजों में विद्यार्थियों के नामांकन तो हो गए हैं, पर उन्हें पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं हैं। आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति की जानी थी, जिसपर अब विभाग ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया। इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि अगर शिक्षक नहीं मिलेंगे तो कई विभाग और कॉलेज बंद करने की नौबत आ जाएगी। रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत मॉडल कॉलेज बानो में विद्यार्थियों की संख्या-4700 है, लेकिन यहां एक भी शिक्षक नहीं हैं। इसी तरह लोहरदगा वीमेंस कॉलेज में 500 विद्यार्थियों पर एक भी शिक्षक नहीं हैं। गुमला मॉडल कॉलेज में 800 विद्यार्थियों व सिमडेगा वीमेंस कॉलेज में लगभग 500 छात्राओं के लिए एक भी शिक्षक नहीं हैं। वहीं, लोहरदगा कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या 12000 है, जबकि यहां भौतिकी, बॉटनी, अंग्रेजी, उर्दू और हिंदी में एक भी शिक्षक नहीं हैं। यहां कॉमर्स हिंदी में एक भी शिक्षक नहीं हैं। यहां कॉमर्स में लगभग 1200 विद्यार्थी हैं, लेकिन एक भी शिक्षक नहीं हैं। इसके अलावा कॉलेजों में पीजी विभाग भी खोल दिए गए हैं, पर शिक्षक नहीं हैं। पिछले दिनों विश्वविद्यालय से अतिथि शिक्षकों की सेवा भी समाप्त कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि नियुक्ति प्रक्रिया में राज्य सरकार के आरक्षण रोस्टर का पूरी तरह पालन किया गया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए किया था समर्पित : बाबूलाल

संवाददाता

**रांची ।** प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को बूथ स्तर पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया। नेता एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की तथा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दीनदयाल को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद कहा कि एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान कर्मयोगी पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी ने अपना सम्पूर्ण जीवन जरूरतमंदों की सेवा और राष्ट्रोत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का बलिदान कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि स्व. उपाध्याय का आदर्श जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

प्रदेश कार्यालय में स्व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल हमसभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुरुष हैं। आज देश भारी मन से उनकी जीवनलीला की असामयिक हत्या को याद कर रहा है। आज भी उनकी हत्या का रहस्य देश के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल का चिंतन एकांगी नहीं था बल्कि उनके चिंतन में शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समावेशी चिंतन है। एक व्यक्ति का संपूर्ण विकास इन चारों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस चिंतन के द्वारा धर्म,अर्थ,काम ,मोक्ष की प्राप्ति के साथ व्यक्ति,समाज,परिवार,राष्ट्र के साथ संपूर्ण ब्रह्मांड का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल के चिंतन में अंत्योदय के साथ एकात्म मानव दर्शन समाहित है। गांव ,गरीब,किसान भारत के हैं प्राण। इनकी उन्नति ही अंत्योदय है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी चिंतन पर तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने,फिर से सोने की चिड़िया बनाने तक भाजपा कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का विचार युगों युगों तक कार्यकर्ताओं को अनुप्राणित करता रहेगा।

प्रदेश कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, किशुन दास, सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदीप सिन्हा, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, शोभा यादव, संदीप वर्मा, वसंत मित्तल, मुकेश मुक्ता, संजय जायसवाल, संजय चौधरी आदि शामिल हैं।

**पंडित दीनदयाल के विचार हमेशा करेंगे मार्गदर्शन : मुंडा**


भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर पंडित दीनदयाल नगर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और अंत्योदय की प्रेरणा हमें सदैव मार्गदर्शन देते रहेंगे।

उनका सपना सबका साथ, सबका विकास को साकार करने का संकल्प हम सभी दोहराते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए भाजपा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा की पंडित जी का यह मानना था कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज की सेवा का एक साधन होना चाहिए। उनके अनुसार, राजनीति का उद्देश्य जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण होना चाहिए, न कि केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए। भाजपा रांची महानगर जिला के अध्यक्ष वरुण साहू ने पंडित दीनदयाल के आदर्शों को याद करते हुए कहा की दीनदयाल जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक विभाजन के विरोधी थे। उनका विचार था कि भारतीय समाज में सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने एकजुटता और सहिष्णुता को बढ़ावा दिया।

# सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का करें उपयोग : आदित्य रंजन

संवाददाता

**रांची ।** सेफ इंटरनेट डे को लेकर जैप-आईटी सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर आईटी एवं ई-गवर्नेंस निदेशक श्री आदित्य रंजन ने कहा कि इंटरनेट हमारी जीवन शैली का हिस्सा है ,परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। साइबर फ्रॉड एवं अन्य साइबर क्राइम को रोकने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। ÷सेफ इंटरनेट डे÷ भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक पहल है ताकि सभी नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए जानकारी दी जा सके। निदेशक जेएसएसी श्रीमती आर? रोनीटा ने भी सभी विभागों के पदाधिकारियों तथा कर्मियों को सेफ इंटरनेट के प्रति जागरूक होने तथा समाज में सभी वर्गों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। श्री दीपक कुमार, राज्य सूचना-विज्ञान पदाधिकारी एवं श्री ओमेश प्रसाद सिन्हा के द्वारा एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से आम जन मानुष के जीवन में इंटरनेट के उपयोग करने के दौरान आने वाले साइबर खतरा, साइबर स्वच्छता एवं



साइबर सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य सूचना-विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि आम जनता साइबर खतरा एवं साइबर स्वच्छता से जुड़े अधिक जानकारी से प्राप्त कर सकेंगे ।

डॉ प्रशांत कुमार सिन्हा, उप निदेशक एनआईसी झारखंड के द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारी श्वश्चह्न के माध्यम से दी गई । उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने एवं अपने परिवार को भी जागरूक करें। साइबर अपराधी लोगों की अज्ञानता का फायदा उठाकर साइबर फ्रॉड करते हैं।

साइबर फ्रॉड होने से 1930 नंबर पर कॉल करके तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं और ट्रांजेक्शन ब्लॉक कराएं। कार्यशाला में जानकारी दी गई कि अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करें साथ ही अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए कयू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजैक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक शिव चरण बनर्जी, कल्याण विभाग, राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारिगण भी मौजूद थें ।

## संजय लाठकर मुंबई में परमाणु ऊर्जा विभाग के आईजी सिक्योरिटी नियुक्त

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड कैडर के सीनियर आईपीएस संजय आनंद लाठकर को केन्द्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग में आईजी सिक्योरिटी नियुक्त किया गया है। आईपीएस संजय आनंद लाठकर मुंबई स्थित परमाणु मुख्यालय में अपना योगदान देंगे। केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर इस संबंध में मंगलवार को जानकारी दी गई है। झारखंड पुलिस के एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर वर्ष 1995 बैच के आईपीएस हैं और एक तेज तर्रार व ईमानदार पुलिस अधिकारी माने जाते हैं। इससे पहले लाठकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए आईपीएस लाठकर झारखंड चैप्टर के आईजी भी रह चुके हैं। अब संजय आनंद लाठकर एक बार फिर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लाठकर



को एडीजी स्तर और वेतन पर परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत आईजी सुरक्षा के पद पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि संजय आनंद महाराष्ट्र के रहने वाले हैं, इसलिए उन्हें एक बार फिर अपने ही राज्य में रहने या यूं कहें कि रिटायरमेंट तक का मौका मिला है। आईपीएस संजय आनंद के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद झारखंड में एडीजी रैंक के अधिकारियों की कमी हो जाएगी। संजय फिलहाल एडीजी अभियान के पद पर पदस्थापित है।

## अपहृत नाबालिग युवती बरामद

**कोडरमा ।** कोडरमा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण होने की सूचना प्राप्त हुई। अपहृत नाबालिक लड़की के पिता के दिये गये लिखित आवेदन पर कोडरमा थाना में मामला दर्ज कर चार नामजद अभियुक्तों सरिता देवी, गुलाब दास, शिवम कुमार एवं राजन कुमार के विरूद्ध कांड दर्ज किया गया। सूचना के सत्यापन एवं नाबालिक लड़की की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के द्वारा पुनि सह प्रभारी अरविंद कुमार, कोडरमा थाना के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस की लगातार कार्रवाई के परिणामस्वरूप अभियुक्त कृष्णा कुमार दास ने स्वयं कोडरमा थाना में अपहृत नाबालिक लड़की के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। इस संबंध में कोडरमा थाना द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त कृष्णा कुमार दास (उम्र 22 वर्ष, पिता गुलाब दास, चिगलाबर, थाना कोडरमा) को जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी अरविंद कुमार, पुअनि दाऊद बाड़ा व सशस्त्र बल, कोडरमा थाना की भूमिका रही।

## सम्मेद शिखर में 12 मार्च को आदिवासी समाज का जुटान



**गिरिडीह ।** जैन धर्मावलम्बियों के 20 तीर्थंकर के निर्वाण सम्मेद शिखर और प्राकृतिक उपासक आदिवासियों के प्रधान मारंग बुरु जुग जाहेरथान पारसनाथ पर्वत को लेकर प्राकृतिक उपासकों ने एक बार फिर बड़े आंदोलन का अल्टीमेटम दिया है। पारसनाथ का अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए संथालियों के पूजन स्थल मरांग बुरु दिशोम मांझीथान के सुधीर बास्के ने कहा कि आदिवासियों के पूजन स्थल मरांग बुरु का अतिक्रमण सहन नहीं होगा। आंदोलन के प्रथम चरण में 12 मार्च को देश के कई राज्यों के आदिवासी समाज के बुद्धिजीवियों का जुटान मधुबन में होगा। इसमें आंदोलन की रूप रेखा तय होगी । हालांकि अतिक्रमण का आरोप किन पर है ये सुधीर बास्के ने स्पष्ट नहीं किया है। लेकिन 12 मार्च को एक बड़े आंदोलन का अल्टीमेटम दिया गया है। उल्लेखनीय है कि चार साल पहले भी सम्मेद शिखर मधुबन के पारसनाथ पहाड़ को लेकर विवाद हुआ था । एक तरफ जैन समाज ने बड़े व्यापक पैमाने पर आंदोलन करते हुए देश भर में प्रदर्शन किया था । दूसरी तरफ झारखंड, बिहार, ओड़िशा और बंगाल के हजारों की संख्या में आदिवासी नेताओं के साथ युवाओं का जुटान मधुबन में हुआ था। इस दौरान मामले की गंभीरता को समझते हुए जिला पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर विवाद बढ़ने से रोक दिया था। लेकिन एक बार फिर चार साल बाद 12 मार्च को संताली समाज आंदोलन का बिगुल फूंकने की तैयारी में है। पारसनाथ पर्वत को आदिवासी समाज मारंगबुरु पर्वत के रूप में मानते हैं ।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रिक 75 पद के लिए होगी छात्राओं का नामांकन

**रानीश्वर (दुमका ) ।** कस्तूरबा गांधी बालिका बिद्यालय के वर्ग षष्ठ के छात्राओं के रिक्त 75 पद ने नामांकन को लेकर सूचना निर्गत किया गया है । यहां बीपीएल के19 अजा के 5 अजजा के 25 पिछड़ा वर्ग के 20 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के पांच रिक्त पद के लिये आवेदन आमंत्रित किया है। आवेदन 22 फरवरी तक लिया जायेगा ।आवेदन पत्र के साथ जाति ,निवासी , बीपीएल, आधार कार्ड, शिशु पंजी की छाया प्रति जमा करना होगा । आवेदिका दिव्यांग होने पर दिव्यांग प्रमाण पत्र जमा करना होगा। आवेदिका के माता पिता के स्वर्गवास होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र जमा करना होगा ।कार्यालय के साथ संपर्क करने के लिये मोबाईल संख्या 9631807641 / 8757033560 जारी की है ।

## एम्स देवघर में निकाला गया एमडीए समर्थन रैली



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** (एम्स) देवघर में आज राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (ह्वष्टङ्कक्कष्ट) के सहयोग से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (रूष्ठ) अभियान के समर्थन में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।जिसका उद्देश्य लिंफैटिक फिलारीसिस (रुन्न) की रोकथाम के लिए दवाओं के सेवन को प्रोत्साहित करना और समुदाय को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। यह रैली कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) सौरभ वर्श्नेय के मार्गदर्शन में आयोजित की गई और इसे डॉ. अभिजीत वी. बोरतने, अतिरिक्त प्रोफेसर,सीएफएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन का सफल संचालन डॉ. बिजित बिस्वास,सहायक प्रोफेसर, सीएफएम एवं एमडीए कोऑर्डिनेटर,एआईआईएमएस (एम्स) देवघर द्वारा किया गया। रैली की शुरुआत आज एआईआईएमएस (एम्स) देवघर के अकादमिक भवन से हुई और यह पूरे संस्थान परिसर में घूमते हुए वापस अकादमिक भवन पर 4ः15 बजे संपन्न हुई। इस दौरान रैली ओपीडी, आपातकालीन विभाग (इमरजेंसी) और आयुष क्षेत्र से होकर गुजरी। इस जागरूकता रैली में मेडिकल इंटर्न्स,मेडिकल छात्र,नर्सिंग छात्र, नर्सिंग अधिकारी और अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता पोस्टर और बैनर लिए हुए थे,जिनमें लिंफैटिक फिलारीसिस की रोकथाम और एमडीए अभियान के महत्व को उजागर किया गया था। इस आयोजन में सामुदायिक और पारिवारिक चिकित्सा (ष्टस्नरू) विभाग के अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे,जिनमें डॉ. ऋचा आदि ।

## महिलाओं को साइबर सुरक्षा को लेकर किया जागरूक




**रानीश्वर (दुमका) ।** कुमिरदहा पंचायत भवन में मंगलवार को सेफर इंटरनेट डे के तहत पंचायत के कुछ महिलाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने को लेकर एक कार्यक्रम किया गया । जिसमें मुखिया खुदीराम महोली की उपस्थिति में विलई अनिमेष मंडल के द्वारा सरकार द्वारा भेजे गए पंपलेट के माध्यम से विस्तार से चर्चा किया गया। जिसमें अपर्णा कुनूई , अप्पू मंडल , बीबीएल लाल,छबि मंडल संपा मंडल मुकुला मंडल बनश्री मंडल पिया मंडल आदि महिला उपस्थित थे।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू, डीसी-एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण



**रामगढ़ ।** मैट्रिक और इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। रामगढ़ जिले में 12669 छात्र मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए हैं। जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा में 12300 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया है। इन दोनों परीक्षाओं के लिए 93 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक के परीक्षार्थियों के लिए 53 परीक्षा केंद्र बने हैं। इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के लिए 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा शुरू होने के बाद डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डीसी एवं एसपी ने राधा गोविंद पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया । उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और सीसीटीवी कैमरे का जायजा लिया। डीसी ने केंद्राधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियम का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम सहित अन्य उपस्थित थे।

## राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को लागू करने में उदासीन : प्रतुल शाह देव



**रांची ।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल में उतारने के प्रति उदासीन होने बड़ा आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि दिखावा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य के वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते हैं, लेकिन पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है। मंगलवार को प्रदेश भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सर्वप्रथम मनरेगा में केंद्र सरकार के हिस्सेदारी के पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य ने नहीं सौंपा। जिसके कारण लंबे समय तक केंद्र के अंशदान पर ग्रहण लग गया था। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना में भी केंद्र और राज्य का संयुक्त योगदान होता है। केंद्र ने इस योजना में जो पैसा दिया उसका राज्य सरकार ने फिर से समय पर यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं दिया, जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना में भी झारखंड काफी नीचे के पायदान पर है। प्रतुल ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान योजना में केंद्र से अंशदान मिल जाने के बावजूद राज्य सरकार ने अनेक निजी अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं किया था। इसके कारण सैकड़ों निजी अस्पतालों ने आयुष्मान कार्ड के बदौलत मरीजों का दाखिला लेना बंद कर दिया। प्रतुल ने कहा कि हर घर में नल से जल योजना का झारखंड में हेमंत सरकार ने बुरा हाल कर दिया। इस योजना में एक समय झारखंड नीचे से एक पायदान ऊपर था। आज भी राज्य के 28 लाख घरों में नल से जल नहीं पहुंच पाया है।

## सडक दुर्घटना मे एक की मौत, एक गंभीर

**लोहरदगा ।** सेन्हा थाना क्षेत्र में बाइक और लूना की टक्कर में कोराम्बे निवासी एतवा उरांव का पुत्र प्रवीण उरांव (25 ) का पैर टूट गया। प्रवीन शहर से अपने गांव जा रहा था जबकि दूसरा व्यक्ति बंसी बंजारा चारपाई बेचकर लौट रहा था। इसी दौरान दोनों बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें प्रवीण उरांव का पैर टूट गया। जबकि बंसी बंजारा जो की जिला नीमच गांव मोरन मध्यप्रदेश का रहने वाला था। अस्पताल में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी। लोगों ने बताया कि उसके सर में गंभीर चोट लगी थी।

## अबुआ आवास लाभुकों का शुभ गृह प्रवेश को लेकर बैठक का हुआ आयोजन



**ठाकुरगंगटी संवाददाता ।** महागामा अनुमंडल अंतर्गत ठाकुरगंगटी प्रखंड सभागार में शुभ गृह प्रवेश व अन्य कार्यक्रम को ले मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मंडल ने कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में जानकारी दी गई की प्रखंड मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित रूंजी पंचायत अंतर्गत पारसबन्नी मैदान पर बुधवार को एक बजे दिन में शुभ गृह प्रवेश एवं मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल खेल किट वितरण समारोह मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में अबूआ आवास के लाभूकों को गृह प्रवेश कराया जाएगा और मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल खेल किट वितरण के तहत फुटबॉल टीमों के खिलाड़ियों को खेल से संबंधित किट वितरित किया जाएगा। प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायत के पंचायत सचिव से अबूआ आवास के पूर्ण आवास वाले दो दो लाभुकों को कार्यक्रम में लाने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि अबुआ आवास के वैसे लाभुक जिन्होंने अपना आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है आवास का प्लास्टर, रंग रोगन पूर्ण हो चुका है, वैसे लाभुकों को शुभ गृह प्रवेश कराया जाएगा। लाभुकों को आवास की चाबी सौंप कर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अंचल अधिकारी मदन महाली, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी हसदा बेंज मीन, सहायक अभियंता अभियंता मरगूप अहमद सहित सभी प्रखंड, अंचल, बाल विकास, मनरेगा आदि कर्मी शामिल थे।

## श्रृंगार प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित

**गोड्डा ।** बसंतराय प्रखंड के मां काली सेवा ट्रस्ट सुस्ती महेशपुर के तत्वावधान में मां काली की श्रृंगार प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आयोजित दो दिवसीय भव्य अनुष्ठान मंगलवार को संपन्न हो गया। इसके अंतर्गत 24 घंटा अखंड श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, संध्या संकीर्तन, होम, खीर भोग, कन्या श्रृंगार एवं भोजन, ब्राह्मण भोजन आदि अनुष्ठान किया होगा। इसको लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। हवन व जयकारा की घोष से आसपास का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष मास मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि को श्रृंगार प्रतिष्ठा त्रयोदशी के रूप में अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। मंदिर के आचार्य पं. दिलीप कुमार झा , उमेश चंद्र झा, पटल कुमार झा आदि ने बताया कि आध्यात्मिक कार्यक्रम के दौरान दुर्गा शप्तशति पाठ पूरा करने के उपरांत हवन किया गया। इसके पश्चात कुमारी व ब्राह्मण भोज करने के उपरांत आम श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर कमेटी के निलेश कुमार झा ने बताया ग्रामीणों के द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि चैत मास की पहली मंगलवार को मां काली की विशेष पांच दिवसीय पूजनोत्सव -भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं माता शीतला की नवनिर्मित मंदिर में श्रृंगार प्रतिष्ठा दिनांक 30अप्रैल, 2025, दिन बुधवार, बैसाख मास शुक्ल पक्ष, अक्षय तृतीय के दिन होगा। जबकि माता शीतला का नव निर्मित मंदिर में श्रृंगार प्रतिष्ठा के पश्चात शिव-पार्वती मंदिर के नवनिर्माण शुरु होगा।

## आज के समय में साइबर सुरक्षा के प्रति समझदारी जरुरी: पुलिस अधीक्षक



**जामताड़ा।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ पुलिस अधीक्षक जामताड़ा डॉ ऐहतेशाम वकारिब, उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, बीआईटी सिंदरी के कंप्यूटर साइंस एवं आईटी विभाग के एचओडी प्रो0 डॉ0 एस सी दत्ता, सहायक प्रोफेसर मो अकरम खान, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार घोष सहित अन्य अधिकारी के द्वारा किया गया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में लोगों के बीच वीडियो के माध्यम से साइबर संबंधी खतरे एवं इसके बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज के समय में साइबर सुरक्षा के बारे में समझना एवं उसे जीवन में कैसे अपनाना है, इसकी जानकारी काफी महत्वपूर्ण हो गया है। कहा कि आज हर कोई इंटरनेट उपयोग करता है, प्रतिदिन हमलोग इंटरनेट के साथ वक्त व्यतीत करते हैं, इंटरनेट के बढ़ते उपयोगिता के साथ साथ इसके दुरुपयोग भी व्यापक हो गए हैं, पलक झपकते ही साइबर अपराधी आपके गाढ़ी कमाई को आपके खाते से उड़ा लेते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बैंक अधिकारी बन के आपसे गोपनीय और व्यक्तिगत जानकारी ओटीपी आदि मांगता है तो उस पर तुरंत अमल न करें, बैंक जाकर उसे वेरीफाई कर लें।

## उमराह हज यात्रा के लिए रवाना करते लोग



नारायणपुर(जामताड़ा)प्रखंड के कोरीडीह (मोहडार) गांव से मंगलवार को चार यात्री उमराह हज यात्रा के लिए मक्का और मदीना रवाना हुए। हज यात्रा पर जाने वालों में बुधन मियां और उनकी पत्नी अबीनर बीबी, डॉ. निजाम अंसारी और उनकी पत्नी जमीला बीबी शामिल हैं। इस अवसर पर गांव में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और यात्रियों के सफल हज की दुआएं मांगी। विदाई समारोह में मौलाना जाकिर हुसैन ने हज यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक सफर है, जो हर मुसलमान के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। उन्होंने सभी हज यात्रियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी यात्रा की सफलता के लिए दुआ की। गांव और आसपास के क्षेत्रों के लोग इस यात्रा को अपने लिए गर्व का विषय मान रहे हैं। समुदाय के लिए यह सामाजिक और धार्मिक प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला क्षण है। विदाई समारोह में लोगों ने हज यात्रियों को सम्मानपूर्वक विदा किया और उनके सकुशल यात्रा संपन्न होने की कामना की।मौके पर हाफिज अल्ताफ, हाजी अब्दुल रज्जाक, जान मोहम्मद, मनताज अंसारी, महफूज आलम, एकराम अंसारी, मो. इशाक, मो. आजाद, रिजवान अंसारी, उस्मान अंसारी समेत आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग उपस्थित होकर यात्रियों को शुभकामनाएं दीं।

## कदाचार मुक्त एवं शांत वातावरण में मैट्रिक परीक्षा प्रारंभ, बीडीओ ने केंद्र का किया निरीक्षण

**बसंतराय संवाददाता ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद इंटर कॉलेज में आयोजित मैट्रिक परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हुआ। जहां परीक्षा केंद्र का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमान मरांडी ने मंगलवार को किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा का निरीक्षण परीक्षा केंद्र के विभिन्न कमरों में घूम घूम कर किया। इस क्रम में परीक्षार्थियों की बैठने की व्यस्था के साथ साथ अन्य सुविधा की जानकारी लिया। उन्होंने ने कहा की स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवम कदाचार मुक्त परीक्षा कराने की हम सभी की जिम्मेवारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाए गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बसंतराय प्रखंड क्षेत्र में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें एम0ए0के0 आजाद डिग्री कॉलेज बसंतराय, एम0ए0के इंटर कॉलेज बसंतराय, मध्य विद्यालय बिशनपुर तथा मध्य विद्यालय बसंतराय मैट्रिक का परीक्षा केंद्र बनाया है। जिसमें दो केंद्र पर मंगलवार को हुआ। जिसमें एम0ए0के इंटर कॉलेज बसंतराय में 196 विद्यार्थियों में से दो अनुपस्थित रहे जहां 194 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जबकि डिग्री कॉलेज बसंतराय परीक्षा केंद्र पर 107 विद्यार्थियों में से सभी 107 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीसी ने विभिन्न स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

### बच्चों की शत् प्रतिशत उपस्थिति एवं पोषण युक्त आहार सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**संवाददाता**

**गोड्डा ।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्वाह्न 9 से 10 बजे तक उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा अपग्रेडेड गवर्नमेंट मिडिल स्कूल मडुवावरण, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल हिलावै, अपग्रेडेड गवर्नमेंट मिडिल स्कूल घाटसुरनियां, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल बंदनवार एवं गवर्नमेंट मिडिल स्कूल लुकलुकी बॉयज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या, मध्यान्ह भोजन मेनूवार व्यवस्था, स्कूल ड्रेस की स्थिति आदि बिंदुओं पर क्रमवार समीक्षा कर जानकारी प्राप्त की गई। छात्रों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगाह किया गया कि विभागीय निदेशानुसार नामांकित बच्चों की उपस्थिति मेनूवार मध्यान भोजन उपलब्ध कराना और अनुशासन का स्तर बनाए रखना प्रत्येक शिक्षक का दायित्व है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त के द्वारा स्कूली बच्चों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर विद्यालयों में पठन-पाठन, मध्यान भोजन, पोशाक आदि की बिंदुवार जानकारी प्राप्त कर गणित एवं एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। छात्रों के जवाब सुनकर उपायुक्त संतुष्ट दिखे और उनका उत्साहवर्धन किया।



## बाल श्रम से करें परहेज : डालसा



**गोड्डा ।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित 90 दिवसीय विशेष विधिक साक्षरता व जागरुकता अभियान के तहत जगह-जगह शिविर आयोजित कर आम लोगों को कानूनी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में विशेष अभियान के तहत बसंतराय प्रखंड के नवडीहा गांव में डालसा की टीम ने एससी-एसटी समुदाय के बीच काननी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल पीएलवी जायसवाल मांझी, नवीन कुमार, जायसवाल मांझी, इंतेखाब आलम, अविनाश कुमार, सुशील कुमार, कुंदन कुमार ने ग्रामीणों को नालसा की शिशु प्रोजेक्ट ,मानव तस्करी आदि के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा कि होटल, संस्थान या निजी आवास पर कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन अपराध है। पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जरुर भेजें। पढ़ाने की बजाय बच्चों से मजदूरी नहीं करायें। बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। कहा कि 14 वर्ष से कम आयु का व्यक्ति बाल मजदूर कहलाता है। ऐसे में इन्हें बाल मजदूरी की मनाही है। ये बच्चे कोयला बीनने, राख के गड्ढे को साफ करने, रेलवे परिसरों में निर्माण कार्य करने, बंदरगाह पर काम करने,पटाखों की दुकान पर काम करने व आतिशबाजी का सामान बेचन, गैरेज में काम करने ढ़लाई के कारखाने में सहित विभिन्न खतरे वाले कामनों से अलग रखने का निर्देश जारी किया गया है। जो व्यक्ति नाबालिग को काम पर रखता है उसके लिए दंड व जुर्माना का प्रावधान है। इसके अलावा दिव्यांग व अनाथ बच्चों को सरकार की ओर से निमलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए भी जानकारी दी।

## रक्तदान शिविर आयोजित, 16 लोगों ने किया रक्तदान



**पथरगामा प्रतिनिधि ।** प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी, नितेश कुमार गौतम के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान में सक्रिय भागीदारी दिखाई। रक्तदान के इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्त की कमी को पूरा करना और जरूरतमंदों की मदद करना था। वहीं रक्तदान शिविर में प्रखंड कार्यालय के कर्मचारियों ने दिल खोलकर रक्तदान किया जिससे शिविर का आयोजन पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान बीडीओ नितेश कुमार गौतम ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को इस नेक कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान करने वाले सभी प्रखंड कर्मियों का बीडीओ नितेश कुमार गौतम ने व्यक्तिगत रूप से हौसला बढ़ाया और उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में जागरूकता फैलती है और एकजुटता का संदेश भी जाता है। वहीं रक्तदान वीरों में प्रखंड विकास अधिकारी और उनकी पत्नी के अलावे अंचल गार्ड शशि शेखर मिश्रा, आय प्रमाण पत्र बनाने आया गुलशन कुमार तथा 9 प्रखंड कर्मी सहित 16 व्यक्तियों के नाम शामिल है। रक्तदान शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मोहन पासवान के अलावे राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय पारस पानी के चार इंटर्नशिप छात्र डॉक्टर उपस्थित

## तीन दिवसीय हरिनाम कीर्तन संपन्न

कुंडहित (जामताड़ा) ~ सरस्वती पूजख के उपलक्ष पर कुंडहित प्रखंड के भंगाहीड गांव मे चब्बिस प्रहर हरिनाम संकीर्तन मंगलवार को कुंजबिलास के साथ सम्पन्न हो गया। कुंज बिलास गान के उपरांत हजारो भक्तो को खिचड़ी महाप्रसाद वितरण किया गया। पश्चिम बंगाल के बीरभुम जिला अन्तर्गत जयदेव निवासी राम प्रसन्न भट्टाचार्य एवं सहकर्मी द्वारा तीन दिवसीय श्रीकृष्ण की बाल लीला, सती तुलशी का बर्णन एवं राधा श्रीकृष्ण रास लीला के साथ कुंजबिलास मिलन का समापन किया गया। उन्होने कहा की मन मे इर्षा, पाप, लोभ है और हरिनाम करने से पाप लोभ दुर नही होगा। इस लिये मन को शुद्व कर भगवान के प्रति समर्पित करना है तभी मोक्ष प्राप्त होगा। जहा भी हरि कथा का आयोजन होता है वहां स्वंय भगवान विराजमान होते है। हरिकथा श्रवन मात्र से ही किये गये पाप से मुक्ति मिलती है। इसलिये सभी मनुष्य को हरि के श्ररण मे आना चाहिए। मौके पर कमिटि के सदस्य सहित गांव के काफी संख्या में युवाओं का सहयोग रहा। काजल गोराई, स्वपन गोराई,बाबुल मंडल, अरविंद मंडल, स्वपन मंडल, श्यामल गोराई, दिलीप मजुमदार,आलोक मित्र, सुनिल चौधरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से टक्कर

**चितरंजन।** अंबेडकर नगर की 19 वर्षीय दिशा कुमारी मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे का शिकार हो गई। दिशा अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से चितरंजन के 2 नंबर गेट होते हुए गड्ढा कॉलोनी की ओर जा रही थी। जैसे ही वह पाइपलाइन पार कर पहले क्रॉस रोड पर पहुंची, तभी दाहिनी ओर से तेज गति से आ रही सफेद स्कॉर्पियो (जेएच 10 सीके 0576) से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर के कारण दिशा के सिर पर गंभीर चोटें आईं, और घटनास्थल पर काफी खून बह गया। हालांकि स्कॉर्पियो चालक ने दुर्घटना टालने की पूरी कोशिश की लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गया, जिससे वाहन के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने दिशा को प्राथमिक उपचार के लिए चितरंजन के केजी अस्पताल पहुंचाया।

## दक्षिणीडीह में दो मार्च से आयोजित होने वाले 9 दिवसीय यज्ञ को लेकर बांटा जा रहा आमंत्रण पत्र

**नारायणपुर(जामताड़ा)।** प्रखंड के दक्षिणीडीह में 2 मार्च से आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 मारुति नंदन रुद्र महायज्ञ की सफलता को लेकर यज्ञ समिति द्वारा लगातार तैयारियाँ की जा रही हैं। समिति के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आम जनता एवं सम्मानित व्यक्तियों से संपर्क कर रहे हैं। वे यज्ञ के लिए आमंत्रण पत्र वितरित कर लोगों से सहयोग राशि भी प्राप्त कर रहे हैं, ताकि आयोजन भव्य और सफल बनाया जा सके।मंगलवार को यज्ञ समिति के सदस्य प्रदीप चौधरी, उदय सिंह और आदित्य सिंह ने भाजपा जामताड़ा जिलाध्यक्ष सुमित शरण से मुलाकात कर उन्हें यज्ञ के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। इस अवसर पर सुमित शरण ने भी यज्ञ के लिए सहयोग राशि अर्पित की और समिति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों द्वारा किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों से समाज में यज्ञ के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और लोग स्वेच्छा से सहयोग राशि प्रदान करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## सड़क किनारे मिला एक व्यक्ति का शव

**पथरगामा प्रतिनिधि ।** प्रखंड अंतर्गत गांधीग्राम में मंगलवार के तड़के सुबह हरकट्टा निवासी पगला हेंब्रम का 52 वर्षीय पुत्र समलु हेंब्रम का शव सड़क के किनारे पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। वहीं शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई जुड़े बाद थाना प्रभारी मनोहर कुमार एवं अवर निरीक्षक राम विनय सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार समलू हेंब्रम सोमवार को गांधीग्राम में लगने वाला साप्ताहिक हाट में गया था जहां उसने जमकर महुआ शराब पिया और रात में लौटने के क्रम में गिर गया जिसके बाद रात भर वहीं पड़ा रह गया और शायद ठंड लगने से उसकी मौत हो गई होगी। वहीं उक्त मामले को लेकर थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मरने के कारणों का खुलासा हो सकेगा। खबर लिखे जाने तक गोड्डा सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था जिसके बाद परिजन शव को अपने साथ घर ले गए।

## केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार नाला तथा दलाबड़ पंचायत कमेटी का किया गया पुनर्गठन



**नाला (जामताड़ा)।** केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत कमेटी के पुनर्गठन किया गया। मालूम हो कि नाल स्थित नेताजी स्टेडियम में आयोजित पंचायत कमेटी के पुनर्गठन कार्यक्रम की कार्यवाही के पूर्व पिछले दिन प्रखंड सचिव जय धन हांसदा के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा के शांति की कामना की गई। ततपश्चात चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। मालूम हो कि इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य की देखरेख में सभा अध्यक्ष वासुदेव हसदा की उपस्थिति में डॉक्टर राघव मंगल की अध्यक्षता में आयोजित इस चुनावी बैठक में सर्व सम्मति से नाला पंचायत के पंचायत अध्यक्ष के पद पर राजू दास सचिव के पद पर नारायण मरांडी तथा कोषाध्यक्ष के पद पर मुकेश झा का चयन किया गया। इसके अलावे उपाध्यक्ष के पद पर तरुण मित्र, निर्मल कुमार सिंह ,सह सचिव के पद पर सुकेन मरांडी, कृपा सिंधु दास का चयन किया गया इसके अलावे अन्य कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। वही दलाबड़ पंचायत के लिए अध्यक्ष पद पर भक्ति पद घोष, सचिव के पद पर बहादुर सोरेन,कोषाध्यक्ष के पद पर शांति मय घोष उपाध्यक्ष सपन मंडल ,धरम माजी सहित 25 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य, विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा,बीस सुत्री सदस्य भव सिंधु लायक, आशीष तिवारी, गुपीन सोरेन,तपन राउत,गौरी ,सानंद माजी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## अमर शहीद बाबा तिलका मांझी की स्मृति में बैसी मेला का हुआ आयोजन



**महगामा संवाददाता ।** अमर शहीद बाबा तिलका मांझी की स्मृति में आयोजित 45वां मेमोरियल बैसी मेला, कर्कडीह, महगामा में मंगलवार को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास सह पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का मुख्य अतिथि के तौर पर आगमन हुआ। स्थानीय जनता और मेला समिति ने उनका भव्य स्वागत किया। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने बाबा तिलका मांझी के बलिदान को नमन करते हुए ग्रामीण विकास और पंचायतों के सशक्तिकरण पर जोर दिया। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनी और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया।

## मांगों को लेकर झारोटेफ ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**गोड्डा ।** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) के तत्वाधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हितार्थ ज्वलंत मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं राज्य कमेटी के आह्वाहन पर समस्त राज्य में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत हो चुकी है। इसी क्रम में झारोटेफ के गोड्डा अध्यक्ष डॉक्टर सुमन कुमार, सचिव सुभाष चंद्र एवं कोषाध्यक्ष विद्यानंद प्रसाद के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों एवं कार्यालयों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। वहीं जिला सचिव सुभाष चंद्र ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों के ज्वलंत एवं न्याय उचित मांग से सरकार को अवगत कराने हेतु सामूहिक ज्ञापन सौंपना है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस निमित झारोटेफ के द्वारा प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक के चरणबद्ध कार्यक्रम का शेड्यूल भी जारी कर दिया है तथा झारोटेफ संगठन के द्वारा वर्तमान सरकार के समक्ष अपने चार्टर्ड ऑफ डिमांड के प्राथमिक मांगों को रखा गया है जिसमें शिक्षक संवर्ग को अन्य राज्य कर्मियों की भांति एमएसीपी का लाभ प्रदान करना, राज्य कर्मियों के सेवानिवृति की उम्र को 62 वर्ष करना एवं केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ देना प्रमुख है।

## बाबा तिलका मांझी की जयंती पर उठा उनके वंशजों के उत्थान का मामला



**जामताड़ा ।** समहरनालय के समक्ष बाबा तिलका मांझी की 275वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष सुमित शरण ने बाबा तिलका मांझी को याद करते हुए उनके वंशजों को उपेक्षित किए जाने का आरोप सरकार पर लगाया। कहा कि पहाड़िया समाज की महिलाओं को मैया सम्मान योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाबा तिलका मांझी के वंशज हूनरमंद और आत्म सम्मान के साथ जीने वाले लोग होते हैं। बात पैसे की नहीं है, बात अधिकार और सम्मान की है। अगर अन्य महिलाओं का सम्मान सरकार कर रही है, तो पहाड़ियां जनजाति से आने वाली लाखों महिलाओं का भी सम्मान हेमंत सरकार को करना चाहिए। इस अवसर पर राम जीवन आहड़ी ने बाबा तिलका मांझी के जीवन पर प्रकाश डाला और समाज के पिछड़ेपन की चर्चा करते हुए समाज को आगे आने का आवहान किया। इस अवसर पर अविता हंसदा ने अपने विचार रखें और बाबा तिलका मांझी के बलिदान को याद किया। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष मलावती पहाड़िया, सचिन जयराम पुजहर, मनोज डेहरी, लहान लाया, प्रशांत लाया, बलराम पुजहर, प्रमोद भगत, मिथिलेश माल, मधुसूदन पहाड़िया, लक्ष्मण पहाड़िया साधु पुजहर, अर्जुन पुजहर, लखाई पहाड़िया, रामानंद यादव, संतोष पुजहर ,निधि खेड़ा, लालचंद पुजहर विकास पुजहर, रामकुमार पुजहर, नीति पुजहर समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सखी मंडल की विशेष बैठक



**ठाकुरगंगटी संवाददाता ।**।जिले के महगामा अनुमंडल अन्तर्गत ठाकुरगंगटी प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट स्थित ठाकुर गंगटी गांव में महर्षि मेही आजीविका सखी मंडल की बैठक हुई। समूह की सचिव पूनम देवी के आवास पर अध्यक्ष रंभा देवी के अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।सर्वप्रथम बैठक पंजी में उपस्थिति दर्ज की गई फिर प्रार्थना किया गया। सभी सदस्या द्वारा एक दूसरे का हाथ पकड़ कर घर-घर अलख जगायेंगे का शपथ लिया गया। पिछली बैठक की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में समूह की 14 सदस्या में से 12 सदस्य द्वारा साप्ताहिक बजट राशि जमा किया गया। चार सदस्या द्वारा ऋण की राशि की भी वापसी की गई।सभी सदस्या ने मिलकर ऋण की राशि बढ़ाने संबंधी झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के प्रखंड स्तरीय कार्यालय और भारतीय स्टेट बैंक में आवेदन देने का निर्णय लिया। कहा गया कि विभिन्न सदस्या द्वारा विभिन्न प्रकार की रोजगार को और अधिक आगे बढ़ाने के लिए 25 लख रुपए ऋण की राशि बढ़ाने संबंधी आग्रह पत्र दिया जाना चाहिए।अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने कहा कि मिश्र गंगटी पंचायत स्थित गंगा ग्राम संगठन और बनियाडीह आजीविका संकुल स्तरीय संघ कलक्टर में इस समूह को सबसे आगे बढ़ाते हुए प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने की दिशा में कड़ी मेहनत करते हुए तेजी से काम किया जाएगा।ताकि महर्षि मेंही आजीविका सखी मंडल को जिला से लेकर राज्य और फिर देश स्तर तक के सभी विभागों सहित देश के ग्रामीणों को जानकारी मिल सके। बैठक में अध्यक्ष रंभा देवी, सचिव पूनम देवी, कोषाध्यक्ष राखी झा, सदस्य बीना देवी, पुष्पा देवी, सरुना देवी आदि सदस्या शामिल थी।

## इरफान अंसारी ने तिलका मांझी की जयंती पर किया नमन, आदिवासी समाज के लिए की बड़ी घोषणाएं



**मिहिजाम।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंगलवार को मिहिजाम के मुर्गाटोना में आयोजित कार्यक्रम में आजादी के नायक तिलका मांझी की 275वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि तिलका मांझी का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की नींव है। उन्होंने जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। मंत्री अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आदिवासी समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो की विस्तार से जानकारी देते हुए एक सामुदायिक भवन और एक बड़ी सड़क निर्माण की घोषणा की। मंत्री ने जनता से जात-पात के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों और समुदायों को साथ लेकर चलना उनकी पहचान है। कार्यक्रम में मुखिया मकोनी हेम्ब्रम, शिवधन हांसदा, कामेश्वर तिवारी, परवेज रहमान सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

## फसल सुरक्षा कार्यक्रम को लेकर पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**गोड्डा ।** कृषि पदाधिकारी के निर्देशानुसा फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पंचायत भवन, समरी, महागामा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षु कुंदन कुमार के द्वारा कार्यरत पौधा संरक्षण कर्मी संजय झा, रौशन टुड्डू, सुभाष मुर्मू एवं प्रभारी एग्री क्लीनिक सेंटर, महागामा द्वारा पंचायत स्तर पर पौधों का संरक्षण रख- रखाव एवं कीड़ों से बचाव कृषि, बागवानी एवं किसानों को फसल सुरक्षा हेतु जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को किट उपलब्ध कराया गया।वहीं महागामा अनुमंडल के सभी प्रखंडों में यथा महागामा, मेहरमा, बोआरीजोर एवं ठाकुरगंगटी में प्रशिक्षण का आयोजन करते हुये प्रति प्रखंड 30 कृषकों का आत्मा/एसएमएई की मार्गदर्शिका के अनुरूप तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। संबंधित प्रशिक्षित पौधा संरक्षण कर्मी एवं प्रभारी एग्री क्लीनिक सेंटर, महागामा से सम्पर्क स्थापित कर कृषि एवं बागवानी के विभिन्न विषयों (पौधा संरक्षण) पर पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत कृषकों की सूची जीपीएस फोटोग्राफ एवं अभिश्रय यथाशीघ्र अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि भुगतान की प्रक्रिया ससमय की जा सके। साथ ही सभी को अपनी- अपनी संस्था का बायलॉज की प्रति अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## आठवीं बोर्ड परीक्षा का मकसद छात्रों का आंकलन और आगे के लिए तैयार करना है : डीडी भंडारी

**जामताड़ा.।** बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखने के लिए सेंट एंथोनी विद्यालय की ओर से वर्ग आठवीं के विद्यार्थियों के साथ विशेष संवाद आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्य संरक्षक तथा शिक्षाविद डॉ दुर्गादास भंडारी निदेशक डॉ चंचल भंडारी प्राचार्य, अरूप कुमार यादव उप प्राचार्य लारेब खान तथा सहायक शिक्षक उत्पल मंडल ने आठवें संस्करण में छात्रों से बात की और उन्हें एग्जाम स्ट्रेस को दूर भगाने के उपाय बताए। बच्चों को परीक्षा का पैटर्न समझाया, बच्चों को रिवीजन पर फोकस करने तथा हर प्रश्न को समझ कर यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर लिखने का अभ्यास करने को कहा। वहीं, मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ चंचल भंडारी ने कहा कि वर्ग आठवी के बोर्ड परीक्षा का मकसद छात्रों के ज्ञान का आकलन करना और उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए तैयार करना तथा छात्रों के व्यावहारिक कौशल का आकलन करना है।

# डिजिटल अरेस्ट और फिशिंग से सतर्क रहने की जरूरत : डीसी

## सोशल मीडिया, मोबाइल फोन और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने पर दिया गया जोर

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** डीसी विशाल सागर की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शिल्पग्राम स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य डिजिटल सुरक्षा और इंटरनेट के जिम्मेदाराना उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना था।



डीसी ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के मंगलवार को मनाया जाता है। इस वर्ष यह 11 फरवरी को आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा, डिजिटल प्राइवेसी और इंटरनेट के सकारात्मक उपयोग को बढ़ावा देना जरूरी है।

डीसी विशाल सागर ने बताया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया का हमारे जीवन में गहरा प्रभाव पड़ा है। हालांकि, इसका नकारात्मक असर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ज्यादा पड़ता है। रील्स और शॉर्ट वीडियो का बढ़ता क्रेज यह डोपामाइन हार्मोन की मात्रा बढ़ाकर अस्थायी खुशी देता है, जिससे लोग घंटों इसमें व्यस्त रहते हैं।

इस दौरान उपरोक्त के अलावा नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर, रवि कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, गोपनीय प्रभारी मुकेश कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय परासर, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, सामाजिक सुरक्षा कोषांग सरिता भारती, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानंद दुबे, विभिन्न थानों के थाना प्रभारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, विभिन्न बैंकों के अधिकारी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## शिव बारात मार्ग तैयारियों का निरीक्षण, साफ-सफाई और मरम्मत कार्य तेज



**देवघर।** नगर आयुक्त रोहित सिन्हा के निर्देश पर मंगलवार को सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार और रंजीत कुमार सिंह ने अभियंता शाखा, सफाई शाखा एवं विद्युत शाखा के साथ शिव बारात रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान शिव बारात मार्ग की तैयारियों का जायजा लिया गया और आवश्यक सुधार कार्यों के निर्देश दिए गए। शिव बारात के दौरान मार्ग को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए वृक्षों और पेड़ों की डालियों की छंटाई का कार्य किया जा रहा है, जो प्रगति पर है। नगर आयुक्त ने कनीय अभियंता को सख्त निर्देश दिया कि शिव बारात पथ पर मौजूद सभी गड्ढों की जल्द से जल्द मरम्मत की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता पारस कुमार, नगर प्रबंधक सतीश कुमार, कनीय अभियंता संकेत कुमार और सौरव चतुर्वेदी भी उपस्थित थे। प्रशासन ने शिव बारात के दौरान स्वच्छता और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## महिला से मारपीट व छेड़खानी, दो आरोपी नामजद

**देवघर।** रिखिया थाना क्षेत्र में एक 28 वर्षीय महिला के साथ मारपीट और छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़िता द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि गांव के दो व्यक्तियों पारस महतो (50 वर्ष) पिता स्व. तुलाबी महतो और भिखु यादव (30 वर्ष) पिता युगल महतो ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और छेड़खानी करने की कोशिश की। महिला की शिकायत पर रिखिया थाना में कांड संख्या 33/25 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जनता दरबार का आयोजन कर डीसी ने ऑन द स्पॉट विभिन्न समस्याओं का किया समाधान

**संताल एक्सप्रेस संवददाता**

**देवघर ।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। साथ ही उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की



जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## मधुपुर रेलवे स्टेशन पर हादसा, ट्रेन की चपेट में आने से रेलकर्मी की मौत

**देवघर ।** मधुपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में 55 वर्षीय रेलकर्मी सुभाष मंडल की जान चली गई। दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस (14050 डाउन) की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, ट्रेन के प्लेटफार्म संख्या चार पर रुकने के बाद सुभाष मंडल स्लीपर कोच एस-4 में वैक्यूम लीकेज की समस्या को ठीक करने गए थे। इसी दौरान ट्रेन चालक ने अचानक ट्रेन चला दी, जिससे सुभाष मंडल हौज लीकेज पाइप ठीक करते समय ट्रेन के बीच फंस गए। ट्रेन उन्हें काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। घटना होते ही प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने काफी मशक्कत के बाद सुभाष मंडल को बाहर निकाला और रेलवे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की खबर मिलते ही रेलवे अस्पताल में सैकड़ों की संख्या में रेलकर्मी एकत्रित हो गए। मृतक सुभाष मंडल अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रेलवे प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और लापरवाही की जांच की जा रही है। इस घटना ने रेलवे कर्मियों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**नोटिस**

आर्किड मेडिकल सेंटर, एच. बी. रोड, रांची द्वारा रिकॉर्ड रखने के सरकारी नियम के अनुसार, 1 जुलाई

2016 से 31 दिसंबर 2017 तक के इनपेशेंट मेडिकल रिकॉर्ड (मेडिकल रिकॉर्ड संख्या 1000001 से 1020918) को रद्द एवं डिस्पोज़ किया जाएगा ! अख़बार में प्रकाशित होने के एक महीने की अवधि के बाद इसके डिस्पोजल की प्रक्रिया की जायगी।

## हावड़ा-पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस की लोकप्रियता बढ़ी, अब 16 कोचों के साथ दौड़ेगी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** भारतीय रेलवे की सेमी हाई-स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस लगातार यात्रियों के बीच लोकप्रिय होती जा रही है। यात्री इसकी तेज गति, आरामदायक यात्रा और आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। हावड़ा-पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, जो इस रूट पर यात्रा करने वालों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन चुकी है, अब और भी अधिक सुविधाजनक होने जा रही है।

इस ट्रेन का उद्घाटन 24 सितंबर 2023 को भव्य समारोह के साथ किया गया था और व्यावसायिक परिचालन 26 सितंबर 2023 से शुरू हुआ। रेलवे द्वारा लगातार इस ट्रेन की निगरानी की जा रही है ताकि यह समय पर चले और यात्रियों को सर्वोत्तम सेवा मिले। यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने 13 फरवरी 2025 से इस ट्रेन में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। अब 22347/22348 हावड़ा-पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को 8 कोचों की बजाय 16 कोचों के साथ संचालित किया जाएगा। इससे सीटों की उपलब्धता बढ़ेगी और अधिक यात्रियों को इस प्रीमियम ट्रेन में सफर करने का मौका मिलेगा। इस ट्रेन में 25 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो यात्रा अनुभव को और बेहतर बनाएंगी। वंदे भारत एक्सप्रेस भारतीय रेलवे की आधुनिकता और प्रगति का प्रतीक बन चुकी है और यह कदम यात्रियों को और अधिक आरामदायक सफर प्रदान करेगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, दुमका**

**रद्द–पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या – W.R.D./M.I.D./DUMKA/$F_2$-05/2024-25 Dated – 26.11.2025 एवं PR No. – 340357 Minor Irrigation (24-25):D के क्रमांक – 03 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, दुमका

PR 346284 Irrigation(24-25).D

## वेदव्यास आवास योजना को लेकर डीसी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने विभागीय राज्यादेश के आलोक में वेद व्यास आवास योजना अन्तर्गत आवेदकों के चयन को लेकर निर्धारित मानकों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही बैठक के दौरान सभी सदस्यों को प्राप्त आवेदनों एवं आवेदनों के संलग्न दस्तावेजों की समीक्षा करने के अलावा उपायुक्त की अनुशंसा पश्चात लाभुकों का चयन किया गया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने योजना के विभागीय राज्यादेश के आलोक में योजना के क्रियान्वयन में आवास का निर्माण कलस्टर में किया जाना है, ताकि यथासंभव पूर्व में सृजित कलस्टर के छूटे हुए लाभुकों को इस योजना से आच्छादित किया जा सके। साथ ही उपायुक्त ने लाभुकों के चयन में सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों मे मछली पकड़ने के कार्य तथा मत्स्य बिक्री में सक्रिय लाभुकों को चिन्हित करने का निदेश दिया। वेदव्यास आवास योजना के तहत मत्स्य पालकों को आवास निर्माण करने के लिए 1 लाख 91 हजार 200 रुपए सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## सूरज झा ने की नगर आयुक्त से मुलाकात, पेयजल आपूर्ति की समस्या से कराया अवगत

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झामुमो नेता व समाजसेवी सूरज झा ने मंगलवार को नगर आयुक्त सह प्रशासक रोहित कुमार सिन्हा से नगर निगम स्थित उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने नगर आयुक्त से निगम क्षेत्र के अधिकांश इलाकों में पेयजल आपूर्ति में आ रही समस्याओं से अवगत कराया व त्वरित समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि मंदिर के आसपास पानी की समस्या की शिकायत आ रही



है एवं रामपुर टंकी से भी पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा था। उन्होंने कहा कि नदी का जलस्तर काफी नीचे चला गया है इसलिए पुनासी डैम का पानी नदी में छोड़ना पड़ेगा इसके लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारी से मिलकर बहुत जल्द पानी की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गर्मी की शुरुआत हो रही है और लोग पेयजल के लिए परेशान हैं। हमारी सरकार जलापूर्ति के लिए कटिबद्ध व गंभीर है। प्रयास है जल्द समस्या से लोगों को निजात मिल सकेगी।

## हिमालय वुड बैज ट्रेनिंग कोर्स का आयोजन

**मधुपुर ।** मधुपुर में कब मास्टर्स, फोक लीडर्स, स्काउट मास्टर्स, गाइड कैप्टन और रोवर स्काउट लीडर्स के लिए हिमालय वुड बैज ट्रेनिंग कोर्स के तीसरे दिन की शुरुआत कायाकल्प योग सत्र के साथ हुई, जिसने सभी प्रतिभागियों को नई ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। गहन निरीक्षण के बाद, सभी प्रतिभागी झंडा समारोह के लिए एकत्र हुए, जिससे एक रोमांचक और ज्ञानवर्धक दिन की शुरुआत हुई। दिनभर के कार्यक्रम में अवलोकन और कटौती, अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर संगठन की संरचना, लंगरगाह, एक्समैनशिप, जंगल नृत्य, बैकवुड्समैन तकनीक, प्राथमिक चिकित्सा, मानचित्रण और लंबी पैदल यात्रा जैसे महत्वपूर्ण और दिलचस्प सत्र शामिल थे। ये सत्र प्रतिभागियों को नेतृत्व कौशल, अनुशासन और व्यावहारिक ज्ञान से लैस करने के लिए डिज़ाइन किए गए थे।इस प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम का संचालन सुभासिस सरकार, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) और पापिया भट्टाचार्जी, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) की देखरेख में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को न केवल नई सीख मिली, बल्कि उन्होंने टीमवर्क, समस्या समाधान और आत्मनिर्भरता जैसे अनमोल गुण भी विकसित किए।

## पुण्यतिथि पर यद किए गए फखरुद्दीन अली अहमद

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने पुण्यतिथि पर जलसार रोड स्थित अपने आवास पर देश के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय फखरुद्दीन अली अहमद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर कुमार ने कहा कि स्वर्गीय अहमद ने देश में धार्मिक सहिष्णुता एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ करने में अहम भूमिका निभाई। उनकी पुण्यतिथि पर शांतिप्रिय तथा धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण हेतु तत्परता बरतते हुए उनके बताए रास्ते पर चलना तथा उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर**
**(जिला पर्यटन शाखा)**
Email-id dsodeoghar2017@gmail.com

**सूचना**

उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक–128 दिनांक–31.01.2025 के निदेशानुसार पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुड़े निम्न Category व्यवसायी को Jharkhand Tourist Trade Registration Portal में पंजीकरण कराना अनिवार्य है:–

1. Accomodation Units
2. Aventure Tourism / Adventure Sports Operator / Water Sports Operator (ASO)
3. Boat Operator
4. Entertainment related unit
5. Tour Operator / Travel Agent / Tourist Transport Operator
6. Tourist Guide
7. Professional Tourist Photographers

अतः देवघर जिला अन्तर्गत वैसे व्यक्ति जो पर्यटन के क्षेत्र में अपना रोजगार या कारोबार कर रहे हैं या करना चाहते है, वे Jharkhand Tourist Trade Registration Portal में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

अधिक जानकारी हेतु देवघर जिला के वेबसाईट www.deoghar.nic.in एवं जिला खेल कार्यालय देवघर एवं Email-id dsodeoghar2017@gmail.com एवं Mobile No. 9971501989 से सर्म्पक की जा सकती है।

जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी,
देवघर

PR 346249 Deoghar(24-25)#D

**झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय**
**खुटाबांध, दुमका**

**आम सूचना**

**RTE 2009 की धारा12(1)(C) के अंतर्गत25%सीटमेंनामांकन से संबंधित**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के अंतर्गत जिला के सभी गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजीविद्यालयों (अल्पसंख्या को छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में शैक्षणिक सत्रा 2025–26 में 25% सीट पर अभिवंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन लिया जानाहै। 25% कोटि में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन कार्यालय पोर्टल www.rtejepcdumka.in पर दिनांक 14.02.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 28.02.2025 के अपराह्न 05:00 तक भरा जायेगा एवं माता–पिता/ अभिभावक भरे गए आवेदन का प्रिंट निकाल कर सभी दस्तावेजों को स्वअभि प्रमाणित करते हुए संबंधित विद्यालय में दिनांक 05.03.2025 के अपराह्न 02:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। गलत प्रमाण पत्रा संलग्न किए जाने की संपूर्ण जवाब देही माता–पिता/अभिभावक की होगी। माता–पिता/अभिभावकों द्वारा उपलब्ध कराए गए आवेदन एवं अभिलेखों/ प्रमाण–पत्रों की समुचित जाँचोपरांत तथा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के प्रावधानों के अनुरूप योग्य बच्चों का नामांकन संबंधित विद्यालय में लिया जायेगा। नामांकन हेतु विद्यालय का नाम, रिक्तसीट, योग्यता एंव आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी www.rtejepcdumka.in एवं जिला के आधिकारिक वेबसाइट www.dumka.nic.in परउपलब्ध है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, दुमका

PR 346282 (Human Resource Developement)24-25*D

**कार्यालय देवघर नगर निगम, देवघर**

**-: सैरात बन्दोबस्ती सूचना :-**
**पत्रांक............./दिनांक.................**

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2025–26 में विज्ञापन से शुल्क वसूली हेतु सैरात की बन्दोबस्ती उनके सम्मुख स्तंभ में अंकित अवधि के लिए नगर आयुक्त, देवघर नगर निगम के कार्यालय प्रकोष्ट में निम्नानुसार की जायेगी। इच्छुक आवेदनकर्ता/संस्था निर्धारित शर्त्तो को पूरा करते हुए खुली डाक में भाग लेने हेतु आवेदन दिनांक 24.02.2025 को 02:00 बजे अप0 तक सभी वांछित कागजातो के साथ नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते है। प्रस्तावित सैरात की विवरणी :–

| क्र0 | सैरात का नाम एवं अवधि | डाक की न्यूनतम राशि | बन्दोबस्ती हेतु अग्रधन राशि (बैंक ड्राफ्ट) | बन्दोवस्ती की अवधि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग/बैनर/दिवाल लेखन एवं अन्य प्रचार–प्रसार से शुल्क वसूली (अधिकृत एजेन्सी को स्वीकृत यूनिपोल/मोनोपोल/ गेन्ट्री गेट/होर्डिंग एवं निगम द्वारा विज्ञापन की अनुमति प्राप्त होर्डिंग/बैनर आदि को छोड़कर) | Rs. 85,00,000.00 (Eighty-Five Lakh) | Rs.21,25,000.00 (Twenty-one Lakh Twenty five Thousand) | दिनांक 01.04. 2025 से दिनांक 31.03.2026 तक (एक वर्ष) | दिनांक 24.02.2025 समय 03:30 |

**नोटः**–आवेदनकर्ता को आवेदन शुल्क के रूप में Rs.5,000.00 (जो वापस नहीं होगा) राशि को Municipal Commissioner, Deoghar Municipal Corporation, Deoghar के नाम से डी0डी0 आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

2. डाक संबंधी विस्तृत विवरणी प्राप्त करने हेतु कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
नगर आयुक्त सह प्रशासक,
देवघर नगर निगम, देवघर।

PR.NO.346307 Deoghar(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, दुमका**

**आवश्यक सूचना**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2, दुमका अन्तर्गत प्रखण्ड दुमका/मसलिया/जामा/रामगढ़/जरमुण्डी एवं सरैयाहाट के ग्रामीणों को एतद् द्वारा अनुरोध किया जाता है कि आपके ग्राम/टोलो में साधारण मरम्मति हेतु बंद ड्रिल्ड नलकूपों/पाईप जलापूर्ति योजना एवं इस विभाग द्वारा निर्मित सोलर आधारित जलापूर्ति योजना से सम्बन्धित समस्या का निदान हेतु आप अपने प्रखण्ड से सम्बन्धित निम्न सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं प्रत्येक प्रखण्ड का सम्बन्धित संवेदक जिनको नलकूप मरम्मति का कार्य आवंटित है एवं जिनका मोबाईल नम्बर नीचे अंकित है पर अपना 24x7 घंटे शिकायत दर्ज करवा सकते है। इसके अलावा प्रत्येक प्रखण्ड कार्यालय में शिकायत पंजी रखी गई है, जिसमें आप शिकायत दर्ज करवा सकते है।

| क्र0 | प्रखण्ड | कनीय अभियंता का नाम एवं मोबाईल न0 | सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल न0 | कार्यकारी संवेदक का नाम एवं मोबाईल न0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दुमका | श्री प्रेम प्रकाश टुडू 8757743739 | श्री प्रेम बंधन कच्छप 9931995981 | श्री रतन कुमार दत्ता 8709941539 |
| 2 | मसलिय | श्री मुकुल कुमार 7903606496 | | श्री ओमप्रकाश गुप्ता 9973524289 |
| 3 | जामा | श्री अमित कुमार 7007183406 | | श्री राजेश सोनी 8292411197 |
| 4 | रामगढ़ | श्री अनुप कुमार कुशवाहा 8789514182 | | श्री द्वारिका प्रसाद मिश्र 7070399188<br>श्री अवधेश पंडित 9693010938 |
| 5 | जरमुण्डी | श्री सुधांशु रंजन 8757152540 | | श्री विवेक कुमार सिंह 8002182097 |
| 6 | सरैयाहाट | श्री संजय कुमार 9431075169 | | श्री गौरव झा 8825161266 |

इसके अतिरिक्त प्रखण्डवार निम्न हेल्प लाईन नम्बर पर भी आप अपना शिकायत दर्ज करा सकते है।

| क्र0 | प्रखण्ड | नोडल पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर | कम्प्यूटर ऑपरेटर का नाम एवं मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | दुमका (ग्रामीण)/जामा | श्री वीरभद्र नटराज– 9546548993 | श्री दीपक कुमार – 9852175277 |
| 2 | मसलिया/जरमुण्डी | श्री प्रसेनजीत मंडल– 7004871070 | |
| 3 | रामगढ़/सरैयाहाट | श्री ब्रजेश कुमार – 9631534176 | श्री अमित कु0 बैद – 7488722353 |

उक्त मोबाईल नम्बर पर शिकायत दर्ज करने के बाद आपके शिकायत का निराकरण 72 घंटो के अन्दर नहीं होता है तो प्रमण्डलीय कार्यालय में गठित नियंत्रण कक्ष जिसका नम्बर 6299032265 पर आप शिकायत दर्ज करा सकते है। नियंत्रण कक्ष प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक पूरे ग्रीश्म काल तक प्रभावी रहेगा। इसके अलावा विभागीय हेल्पलाईन नम्बर–1800–3456–502 पर आप शिकायत दर्ज करा सकते है।

*दुमका में है दम जल बचायेंगे हम*

(रमेश कुमार लोहरा)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता,प्रमण्डल संख्या–2, दुमका

PR 346270 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

**कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 27/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त सह प्रशासक देवघर नगर निगम, देवघर।
2. परिमाण विपत्र निर्गत करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.02.2025 (11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.02.2025 (02.00 बजे अपराह्न तक)।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.02.2025 (03.00 बजे अपराह्न से)।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर।
8. कार्य का विवरणी :–

| कं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC road from Manohar karmahe house to Abhay Anand house at Nilkhanthpur Bilasi in ward no. 22 (2nd call) | 371850.00 | 2 % of BOQ | 1,000.00 | 03 Month |
| 2 | Renovation of Road from Govind Das to way of Badri Paswan at Ambedkar Nagar in ward no. 15 (2nd call) | 188250.00 | 2 % of BOQ | 1,000.00 | 03 Month |
| 3 | Construction of Drain from Bajrang Bali Mandir to Old Drain at Jhousagarhi and Bikram Kumar to main drain at Sundar Bandh and Ajit Jee to main drain in ward no. 28 (2nd call) | 711720.00 | 2 % of BOQ | 5,000.00 | 03 Month |
| 4 | Construction of Drain from Raj Radio to way of Tapan Singh house at Refuji Colony in ward no. 15 (2nd call) | 636430.00 | 2 % of BOQ | 5,000.00 | 03 Month |
| 5 | Construction of Drain near Bajrang Bali Mandir towards Culvert at Bampas Town in ward no. 35 (2nd call) | 321850.00 | 2 % of BOQ | 1,000.00 | 03 Month |
| 6 | Construction of Drain from Pankaj Das house to way of B K Singh house at Ambedkar Nagar in ward no. 15 (2nd call) | 305870.00 | 2 % of BOQ | 1,000.00 | 03 Month |
| 7 | Construction of Drain and Cross drain near house of Kali Sharma at Castair Town in ward no. 32 (2nd call) | 253850.00 | 2 % of BOQ | 1,000.00 | 03 Month |
| 8 | Construction of Culvert near Vikash Mandal house at Baijnathpur in ward no. 24(2nd call) | 123850.00 | 2 % of BOQ | 1,000.00 | 03 Month |
